<u>अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत्र विभाग, उत्तर प्रदेश एवं अध्यक्ष, यूपीपीसीएल से सीईओ, बीएसयूएल की मुलाकात</u>

श्री ए. के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड की तरफ़ से श्री एम. देवराज (आईएएस), अध्यक्ष, यूपीपीसीएल को पद ग्रहण करने पर श्री मनीष सहाय, सीईओ, बीएसयूएल ने दिनांक 16.02.2021 को पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनायें दीं|

<u>श्री ए. के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड की तरफ़ से श्री एम. देवराज (आईएएस) अध्यक्ष, यूपीपीसीएल को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनायें देते श्री मनीष सहाय, सीईओ, बीएसयूएल</u>

मुलाकात के दौरान सीईओ, बीएसयूएल द्वारा अध्यक्ष, यूपीपीसीएल को बीएसयूएल की विभिन्न परियोजनाओं (65 MW काल्पी, 100 MW मिर्ज़ापुर, 1200 MW जालौन पार्क, 45 MW माधोगढ़ एवं अन्य) की स्थिति से अवगत कराया गया तथा बीएसयूएल की यूपीपीसीएल से अपेक्षित सहयोग पर चर्चा हुई| सीईओ, बीएसयूएल द्वारा कालपी सौर ऊर्जा परियोजना के पीपीए पर शीघ्र अनुबंध करने के लिए अध्यक्ष, यूपीपीसीएल से अनुरोध किया गया| बैठक में सीईओ द्वारा काल्पी की ट्रांसमिशन लाईन यूपीपीटीसीएल द्वारा बनवाने पर भी चर्चा की गयी| अध्यक्ष, यूपीपीसीएल/ यूपीपीटीसीएल ने सभी मामलों पर शीघ्र विचार/ समाधान का आश्वासन दिया|

दिनांक 17.02.2021 को श्री मनीष सहाय, सीईओ, बीएसयूएल ने श्री आलोक सिन्हा (आईएएस), अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत्र विभाग, उत्तर प्रदेश से मुलाकात की एवं पद ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनायें दीं |

श्री आलोक सिन्हा (आईएएस), अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत्र विभाग, उत्तर प्रदेश को पुष्प गुच्छ भेंट करते श्री मनीष सहाय, सीईओ, बीएसयूएल

मुलाकात के दौरान सीईओ, बीएसयूएल द्वारा अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत्र विभाग को बीएसयूएल की विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया गया | सीईओ द्वारा परियोजनाओं हेतु विभिन्न स्थानों पर चिन्हित भूमि (काल्पी – 67 हेक्टेयर, मिर्ज़ापुर – 258 हेक्टेयर, माधोगढ़ – 92 हेक्टेयर, जालौन पार्क – 2400 हेक्टेयर एवं अन्य) को बीएसयूएल को क्रियान्वयन हेतु हस्तांतरण/ प्रयोग का अधिकार शीघ्र देने का अनुरोध किया गया | सीईओ द्वारा काल्पी 65 MW परियोजना सम्बन्धित भूमि को अति शीघ्र बीएसयूएल को देने का विशेष आग्रह किया गया | अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत्र विभाग ने बीएसयूएल के लंबित मामलों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया |

उक्त बैठकों में बीएसयूएल के श्री ब्रिजेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक (विद्युत) एवं एनएचपीसी के श्री सुधीर मणि त्रिपाठी, उप प्रबन्धक (तकनीकी) भी मौजूद थे।